# लखनऊ-आगरा के लिए उड़ान एक अक्तूबर से

**सफर में राहत 1**

लखनऊ/गोरखपुर | मुसं

आगरा की हवाई यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। एक अक्तूबर से पहली बार लखनऊ-आगरा के लिए हवाई सेवा शुरू होगी। अब सड़क मार्ग से चार घंटे की दूरी हवाई जहाज से मात्र एक घंटे में तय हो सकेगी। विमानन कंपनी इंडिगो इस सेवा को नियमित शुरू करने जा रही है। यह फ्लाइट रोजाना होगी।

आगरा खेरिया एयरपोर्ट के निदेशक एए अंसारी ने बताया कि यह फ्लाइट रोजाना लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से दोपहर 2:45 बजे रवाना होगी और आगरा एक घंटे बाद दोपहर 3:45 बजे पहुंच जाएगी। यहां पर 15 मिनट का स्टॉप रहेगा।

वहीं शाम को इंडिगो की ये फ्लाइट 4:00 बजे लखनऊ के लिए रवाना होगी, जोकि शाम 5:00 बजे लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेगी।

## ये होगा किराया

- इंडिगो की फ्लाइट शुरू होगी
- आगरा से लखनऊ का सेवर किराया 1999 रुपये होगा
- आगरा से लखनऊ का फ्लेक्सी प्लस 2314 रुपये होगा

## क्या है सेवर फेयर

हवाई यात्रा करने से पहले टिकट बुक कराने में किराया कम लगता है। इसे विमानन कंपनी सेवर फेयर बोलती हैं।

## क्या है फ्लेक्सी फेयर

हवाई यात्रा करने में जब काफी टिकट बुक हो जाते हैं और समय कम रह जाता है, तो विमानन कंपनियां दर बढ़ा देती हैं। उसे फ्लेक्सी फेयर कहते हैं।